Regarding alleged corruption in Forest Department by contractors

**डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) :** सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो पहर में एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद । मेरे निर्वाचन क्षेत्र नासिक जिले के ताराबाद सटाना ताल्लुका में हो रहे व्याप्त भ्रष्टाचार और कुप्रथाओं की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं । अतिशय निंदनीय और मानवता की प्रतिमा के ऊपर दाग रखने वाला भयानक भ्रष्टाचार ई-निविदा क्रमांक 5/2024-25 चिराई माता मंदिर, सटाना, नासिक दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 में हुए टेंडर में दिखाई दे रहा है । वहां के वन विभाग के चीफ कन्जर्वेटर, डिस्ट्रिक्ट कन्जर्वेटर और फारेस्ट ऑफिसर ने कुछ ठेकेदारों के साथ सांठगांठ करके काम कराया गया है ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्या जी, जो विषय आप उठा रही हैं, वह पूर्णत: राज्य का विषय है । किसी राज्य में अगर किसी डिपार्टमेंट में करप्शन या टेंडर हुआ है तो उसमें गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की कोई अकाउन्टेबिलिटी नहीं होगी, इसलिए कोई जवाब नहीं आएगा । कृपया अपनी बात को संक्षिप्त कर लें ।

डॉ**.** बच्छाव शोभा दिनेश **:** सभापति महोदय, पिछले दिनों नियमों के अनुसार बोली प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ है और अन्य फर्मों को बाहर रखने के लिए उनके पत्रों को स्वीकार नहीं किया गया । इस भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक विशेष जांच दल और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यौरों के माध्यम से इस व्यापक भ्रष्टाचार की एसआईटी के माध्यम से निष्पक्ष जांच की जाए । वन विभाग का मजदूर राजेन्द्र सालूके की एक दिल दहला देने वाली घटना आत्मदाह के रूप में सामने आयी, वन विभाग के ऑफिस के सामने उसने आत्मदाह किया है ।

माननीय सभापति: यह राज्य का विषय है, आपका विषय आ गया ।